विभाग का नाम: राजनीति विज्ञान

Date: 28.11.2022

चुनाव प्रचार के नए तरीके और तकनीक" पर कक्षा गतिविधि पर रिपोर्ट

विभाग का नाम राजनीति विज्ञान विभाग

द्वारा- राजेश कुमार रमण

गुरु घासीदास विश्विद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 28/11/2022 , दिन सोमवार को कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम(sec) द्वितीय समेस्टर के छात्रों द्वारा "चुनाव प्रचार के नए तरीके और तकनीक" विषय पर नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुसार प्रायोगिक ज्ञान के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए इस गतिविधि का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्र -छात्राएं चुनाव प्रचार के लिए राजनेताओं की तरह भाषण लेखन , स्लोगन लेखन , गीत लेखन , सोशल मीडिया अकाउंट - इंस्टाग्राम , फेसबुक , ट्विटर आदि के प्रयोग कर दिखया और पोस्टर, बैनर,पम्फलेट, मीडिया इंटरव्यू भाषणों का लाइव टेलीकास्ट भी किया ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकाय अध्यक्ष आदरणीय प्रो. प्रवीण मिश्रा सर ने अपने उद्बोधन मे बोले कि राजनीति विज्ञान इस विश्विद्यालय मे पहला विभाग है जहाँ कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम का मैं प्रायोगिक रूप देख रहा हूँ।

वही राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष महोदया प्रो.अनुपमा सक्सेना मैम ने बच्चों को भविष्य की राजनीति में सक्रियता को लेकर प्रेरणा प्रदान दी। प्रो. रामकृष्ण प्रधान सर ने बच्चों को कार्यक्रम से सीख लेकर जीवन में अपनाने एवं नैतिकता से अवगत कराया ।

इस अवसर पर विभाग के सम्मानित शिक्षक गण एवं विभाग के छात्रों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए सफल आयोजन में सम्मिलित हुए।